नवभारत
भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल 2026

इलाज के दौरान महिला की मौत पर बवाल

परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का लगाया आरोप

छतरपुर, 5 अप्रैल. शहर के सागर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 40 वर्षीय महिला की मौत के बाद भारी हंगामा खड़ा हो गया. मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं.

10 दिन में 3 ऑपरेशन, फिर मौत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान सिया (40 वर्ष), पत्नी मुन्ना लाल अहिरवार (निवासी गौतम नगर) के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार, सिया को बच्चेदानी में गांठ की समस्या थी, जिसके चलते उसे 25 मार्च को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. बताया गया कि डॉक्टरों ने पहला ऑपरेशन लैप्रोस्कोपी विधि से किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ. परिजनों का आरोप है कि इसके बाद दोबारा सर्जरी की गई और फिर 'आंत फंसने' की बात कहकर तीसरी बार ऑपरेशन किया गया. उनका कहना है कि महिला ऑपरेशन के लिए खुद चलकर गई थी, लेकिन कुछ ही देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया. महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और रिश्तेदारों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया. स्थिति बिगड़ते देख अस्पताल का स्टाफ और डॉक्टर मौके से गायब हो गए. आक्रोशित परिजन अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए और संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे.

पुलिस जांच शुरू

सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल बोर्ड की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. यदि इलाज में लापरवाही या प्रोटोकॉल का उल्लंघन पाया जाता है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह घटना एक बार फिर निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और सर्जिकल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है.

शादी का झांसा देकर बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। महिला के साथ शारीरिक संबंध (बलात्कार) करने वाले आरोपी को सारनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरियादीया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी रोहित सूर्यवंशी निवासी पाथाखेडा द्वारा फरियादिया के बच्चों का पालन पोषण करने का लालच व शादी का झांसा देकर उसके साथ सन 2022 से लगातार शारीरिक संबंध बनाये और शादी करने से मना कर दिया। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी रोहित सूर्यवंशी के विरूद्ध अपराध 69 बीएनएस का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रोहित पिता रामा सूर्यवंशी उम्र 31 साल निवासी जेरी चौक शोभापर पाथाखेडा को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार, प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके और आरक्षक राजेन्द्र सैनिक राजेश की सराहनीय भूमिका रही।

सिलेंडर में लगी आग लगी बुझाने के दौरान युवक झुलसा

- गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर, बर्न वार्ड में उपचार जारी

छतरपुर, 5 अप्रैल. जिले के लवकुशनगर में रविवार सुबह एक हादसे में एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया. जानकारी के अनुसार, महेंद्र सेन अपने घर पर खाना बना रहे थे, तभी सुबह करीब 10:30 बजे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई.

आग बुझाने की कोशिश के दौरान महेंद्र सेन बुरी तरह झुलस गए. घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत लवकुशनगर अस्पताल पहुंचाया. वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया.

वर्तमान में महेंद्र सेन जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज जारी है. घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है.

गढ़ी मलहरा विश्राम गृह में मनमानी का मामला

- कर्मचारी पर दुरुपयोग के आरोप
- बिना अनुमति खोला गया विश्राम गृह

छतरपुर, 5 अप्रैल. गढ़ी मलहरा (महाराजपुर तहसील) स्थित विश्राम गृह के दुरुपयोग का मामला सामने आया है. यहां पदस्थ स्थल सहायक नवल किशोर शर्मा पर आरोप है कि वे विश्राम गृह का उपयोग निजी कार्यों के लिए कर रहे हैं.

मीडिया द्वारा मौके पर किए गए निरीक्षण में पाया गया कि विश्राम गृह के भीतर महिलाओं द्वारा खाना-पीना किया जा रहा था, जबकि वहां रखी टेबल-कुर्सियां और हाल का अन्य सामान गायब था. यह भी बताया जा रहा है कि बिना किसी अधिकारी की अनुमति के विश्राम गृह का ताला खोला गया, जो नियमों के विपरीत है. गौरतलब है कि विश्राम गृह पर सूचना बोर्ड भी लगा हुआ है, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर इस तरह का उपयोग गंभीर लापरवाही को दर्शाता है. इस संबंध में गढ़ी मलहरा रेंज की नायब तहसीलदार श्रीमती इंदू सिंह गौड़ को जानकारी दी गई. उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शुभम मिश्रा से लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. हालांकि, दो दिन बीतने के बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी प्रकार की जांच शुरू नहीं किए जाने से सवाल खड़े हो रहे हैं. स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

शौर्य और वीरता के प्रतीक महाराजा छत्रसाल जयंती की तैयारियां शुरू

- आयोजन को 4 मई को निकलेगी भव्य शोभायात्रा
- खजुराहो में सर्व समाज की बैठक

छतरपुर, 5 अप्रैल. खजुराहो में बुंदेलखंड के स्वाभिमान, शौर्य और वीरता के प्रतीक महाराजा छत्रसाल की जयंती को भव्य और गरिमामय तरीके से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं. आगामी 4 मई 2026 को आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर सर्व समाज की एक बैठक आयोजित की गई.

यह बैठक खजुराहो स्थित होटल रॉयल चंदेला में संपन्न हुई, जिसमें समाज के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि और नगर के विभिन्न वर्गों के सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाराजा छत्रसाल जयंती के अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. इस शोभायात्रा में बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और ऐतिहासिक झलकियों का प्रदर्शन किया जाएगा. बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन को यादगार बनाने का संकल्प लिया और नई पीढ़ी को महाराजा छत्रसाल के शौर्य, बलिदान और गौरवगाथा से परिचित कराने पर जोर दिया. आयोजन की बेहतर व्यवस्था और सुचारु संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया, जो तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगी. इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर सहयोग देने का आश्वासन दिया. यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता और गौरव को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है.

एक नजर में

अधूरी पुलिया से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित, लाखों खर्च के बाद भी कार्य ठप

छतरपुर, 5 अप्रैल . लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बंसिया के वीरान तलैया में 4.65 लाख रुपये की अनुमानित लागत से पुनर्निर्माण/निर्माणाधीन पुलिया साल भर बीतने के बाद भी अधूरी पड़ी है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों व राहगीरों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य प्रारंभ तो किया गया था, लेकिन बीच में ही काम रोक दिया गया. बरसात के मौसम में जगह का हाल और बिगड़ जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है और दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है. ग्रामीणों ने सरपंच तथा जनपद पंचायत सचिव पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया . तय समय सीमा का पालन नहीं हुआ, घटिया तथा अव्यवस्थित सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे पुलिया की मजबूती पर संदेह पैदा हो रहा है. ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जो स्थान चुना गया है वहाँ पहले से ही एक पुलिया मौजूद है, इसलिए नई पुलिया की आवश्यकता नहीं थी. फिर भी सरकारी धन खर्च करके निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो अब तक अधूरा है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करायी जाने, और जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण पूरा कराए जाने की मांग की है, ताकि जनता को वास्तविक राहत मिल सके .

प्रशासन का पक्ष- लवकुशनगर जनपद पंचायत के सीईओ पी.एल. यादव का कहना है कि आपके द्वारा दी गई शिकायत की जानकारी मिल चुकी है और जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

छतरपुर में मार्च तक 193 मामलों में आरोपियों को सजा

- पुलिस की प्रभावी पैरवी और वैज्ञानिक जांच से कोर्ट में मजबूत हुई केस की स्थिति

छतरपुर, 5 अप्रैल. जिले में पुलिस की प्रभावी कार्रवाई और मजबूत पैरवी के चलते मार्च 2026 माह में विभिन्न थानों के 193 प्रकरणों में आरोपियों को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है. यह उपलब्धि पुलिस की सतत विवेचना, तकनीकी साक्ष्यों के उपयोग और समय पर न्यायालय में प्रस्तुति का परिणाम मानी जा रही है.

प्रमुख मामलों में थाना बड़ामलहरा के वर्ष 2021 के हत्या और बलवा प्रकरण में आरोपी मोरपाल सिंह सहित अन्य को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया गया. थाना राजनगर के छेड़छाड़ मामले में आरोपी को 3 वर्ष का कारावास मिला. वहीं महाराजपुर थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को 1 वर्ष की सजा सुनाई गई.

इसके अलावा नौगांव, गौरिहार और मातगुवां थाना क्षेत्रों के विभिन्न मामलों में भी आरोपियों को 1 वर्ष से लेकर 1 वर्ष 3 माह तक की सजा दी गई है. इन मामलों में अवैध हथियार, छेड़छाड़, हत्या के प्रयास और सड़क दुर्घटना से मृत्यु जैसे प्रकरण शामिल हैं. पुलिस द्वारा भौतिक और तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए. फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट और गवाहों के सुरक्षित बयान ने मामलों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई.

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सफलता सशक्त विवेचना और अभियोजन टीम की मेहनत का परिणाम है. साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी और निष्पक्ष कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे.

कच्चा मकान गिरने से तीन मासूम दबे, एक की हालत गंभीर

छतरपुर, 5 अप्रैल. जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुर में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया. यहां एक कच्चा मकान अचानक गिर गया, जिससे तीन मासूम बच्चे मलबे में दब गए.

हादसे में अमन साहू, नैंसी साहू और प्रिंसी साहू घायल हो गए. घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई. ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को मलबे से बाहर निकाला. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अमन साहू की हालत गंभीर बताई जा रही है. डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया है.

परिजनों के अनुसार, घटना की सूचना सुबह करीब 11:30 बजे जिला अस्पताल में दी गई. फिलहाल सभी बच्चों का इलाज जारी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान काफी जर्जर स्थिति में था, जिसके चलते यह हादसा हुआ. घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है.

गौरीहार पंचायत में 11 लाख की सीसी सड़क घोटाला

छतरपुर , 5 अप्रैल. गौरीहार की ग्राम पंचायत में करीब 11 लाख रुपए की लागत से बनी 400 मीटर लंबी सीसी सड़क महज कुछ ही समय में टूटकर बिखर गई है. इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सरकारी धन के सही उपयोग पर गंभीर सवाल उठ गए हैं. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण के दौरान ही अधिकारियों को कई बार समस्याओं की जानकारी दी गई थी और खबरें भी प्रकाशित हुईं, लेकिन जिम्मेदारों ने कोई जांच नहीं की. उल्टा, उपयंत्री द्वारा बिना स्थल निरीक्षण के घर बैठे भुगतान कर दिया गया, जिससे कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ गई है.

गुंडा व हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस की सख्ती के निर्देश, थानों में बुलाकर दी चेतावनी

- छतरपुर में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर निगरानी तेज
- बदमाशों को कानून पालन की सख्त हिदायत

छतरपुर , 5 अप्रैल. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार छतरपुर जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने गुंडा, निगरानी बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों और जेल से रिहा अपराधियों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है.

इसी क्रम में जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में चिन्हित बदमाशों को थानों में बुलाकर आवश्यक समझाइश दी गई. इस दौरान उनकी वर्तमान गतिविधियों, सामाजिक व्यवहार, सोशल मीडिया एक्टिविटी, आवागमन और कार्यशैली की भी समीक्षा की गई. पुलिस के अनुसार, कुछ लिस्टेड बदमाश वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं या जिले से बाहर हैं, जिनकी जानकारी भी एकत्रित की गई है. साथ ही संबंधित व्यक्तियों का विवरण बीट और माइक्रोबीट पुस्तिका में दर्ज किया गया तथा नए चिन्हित लोगों को गुंडा रजिस्टर में शामिल किया गया.

थानों में बुलाए गए व्यक्तियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे कानून का पालन करें और क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति, उपद्रव या भय का माहौल न बनाएं. पुलिस ने चेतावनी दी है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान उपस्थित लोगों को शांतिपूर्ण जीवन जीने और अपराध से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई. पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

संवाद 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम में विद्यार्थियों को करियर और लक्ष्य निर्धारण का मार्गदर्शन

जिज्ञासु बनें और सवाल पूछें : कलेक्टर पार्थ

छतरपुर, 5 अप्रैल. जिले में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने ढड़ारी के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया.

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने की सलाह देते हुए कहा कि दिमाग में आने वाले हर प्रश्न को जरूर पूछें और उनके उत्तर खोजने का प्रयास करें. उन्होंने नियमित दिनचर्या बनाने और अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट रहने पर विशेष जोर दिया.

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने डॉक्टर, आईएएस, पुलिस, आर्मी, बिजनेसमैन और पेंटर बनने की अपनी इच्छाएं व्यक्त कीं. इस पर कलेक्टर ने 'क्या, क्यों, कब और कैसे' जैसे चार महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाते हुए बताया कि ये लक्ष्य निर्धारण और करियर निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं तक सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह भी दी. कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से सवाल-जवाब कर उनकी समझ को परखा और उनका उत्साहवर्धन किया, साथ ही कॉपियां भी वितरित कीं.

कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम में सुधार हुआ है, जो शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव का संकेत है.

ट्रैफिक पार्क में बच्चों को सिखाए जा रहे यातायात नियम

मॉडल, सिग्नल और चित्रों के माध्यम से दी व्यावहारिक जानकारी

- 20 हजार से अधिक छात्र हुए जागरूक

छतरपुर , 5 अप्रैल. जिलें मे ट्रैफिक पार्क में चल रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों का आवागमन लगातार जारी है. अब तक 20 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को यहां यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा चुका है.

इस पहल के अंतर्गत बच्चों को मॉडल, बोर्ड, बैनर और आकर्षक चित्रों के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है. पार्क में यातायात संकेतक, सिग्नल लाइट, रोड क्रॉसिंग, 'डू नॉट क्रॉस', ज़ेब्रा क्रॉसिंग, फुटपाथ, रोड सेफ्टी और स्पीड लिमिट जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझाया जा रहा है.

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को यह भी बताया जा रहा है कि सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करना क्यों जरूरी है और इससे दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है.

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कम उम्र से ही बच्चों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना है, ताकि वे स्वयं सुरक्षित रहें और समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित कर सकें.